भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

राज्यसभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-371
उत्तर देने की तारीख-22/07/2026

एनसीएमईआई में कर्मचारियों की भर्ती

371 **श्रीमती राजाथी:**

क्या ***शिक्षा*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान आयोग (एनसीएमईआई) में बताई गई रिक्तियों, स्वीकृत पद और कर्मचारियों की वास्तविक संख्या क्या हैं;
(ख) मानव संसाधन की कमी को पूरा करने के लिए आयोग द्वारा हाल ही में की गई भर्ती की पहलों का ब्यौरा क्या है; और
(ग) इन रिक्तियों को भरने के लिए आयोग और विभाग द्वारा क्या समय-सीमा तय की गई है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क): राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान आयोग (एनसीएमईआई) के भर्ती नियम, 2016 के अनुसार, आयोग में स्वीकृत पदों की संख्या 32 है। वर्तमान में इनमें से 21 पद अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा भरे हुए हैं।

(ख और ग): मंत्रालय ने एनसीएमईआई के सचिव के पद को भरने के लिए दिनांक 11.04.2025 को कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग से अनुरोध किया है। इसके अलावा दिनांक 19.05.2026 को मंत्रालय ने प्रतिनियुक्ति के आधार पर उप सचिव और अवर सचिव के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए और आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 05.08.2026 है।

*****